

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 28 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 24 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# केवलारी में स्थानीय की मांग के बावजूद राकेश पाल भारी

सिवनी यशो:- केवलारी विधानसभा के लिये यह बात बिल्कुल नई बात नहीं है कि चुनाव नजदीक आते ही यहाँ कांग्रेस और भाजपा की ओर से स्थानीय प्रत्याशी का मांग उठती है परंतु स्थानीय ऐसा कोई प्रत्याशी नहीं होता जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में अपना व्यापक प्रभाव रखता हो और यही कारण रहता है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों राजनैतिक दल विधानसभा क्षेत्र से बाहर के व्यक्ति को प्रत्याशी बनाते रहे है । स्व. हरवंश सिंह इस विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक निर्वाचित हुये परंतु वे दो विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र से बाहर के प्रत्याशी माने जाते थे हालांकि तीसरे विधानसभा चुनाव के समय उन्होंने अपने गृह ग्राम बर्रा को 2008 में परिसीमन के दौरान केवलारी विधानसभा में शामिल करा लिया था और 2008 के चुनाव में भाजपा ने डॉ. ढालसिंह बिसेन को प्रत्याशी बनाया था । 2023 के विधानसभा चुनाव में ठाकुर हरवंश की मृत्यु के बाद स्व. हरवंश के सुपुत्र ठाकुर रजनीश को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया परंतु भाजपा ने केवलारी विधानसभा में पुनः डां. ढालसिंह बिसेन को प्रत्याशी बनाया और यहाँ भाजपा स्थानीय प्रत्याशी की मांग करते रही । 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने ठाकुर रजनीश सिंह को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया वहीं भाजपा ने इस क्षेत्र से भाजपा के तत्कालीन जिलाध्यक्ष राकेश पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया और राकेश पाल सिंह ने पार्टी के अंदर के सारे विरोध को शांत करते हुये चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस के इस अजेय गढ़ को धराशाही कर दिया ।

2023 के चुनाव के लिये केवलारी विधानसभा में अपनी पुरानी परंपरा के अनुसार स्थानीय प्रत्याशी की मांग को लेकर पुनः तूफान खड़ा हुआ है । हालांकि स्थानीय प्रत्याशी की मांग अब केवल भाजपा के पास बची है कांग्रेस ने अपनी इस बीमरी का उपचार कर लिया है । भाजपा की ओर से जो मांग चल रही है वह प्रायोजित तरीके से चल रही है । इस प्रकार की मांग करने वाले अधिकांश वहीं व्यक्ति होते है जो हर चुनाव के समय इस प्रकार की मांग कर पार्टी को हलाकान करते है परंतु स्थानीय नेतृत्व इतना प्रभावी खड़ा नही करते जिसका पूरी विधानसभा में व्यापक प्रभाव हो ।



### क्षेत्र में व्यापक प्रभाव वाले भाजपाई नेताओं का आभाव

भाजपा की ओर से उठने वाली स्थानीय प्रत्याशी की मांग हमेशा कमजोर हो जाने का मु य कारण हमेशा यही रहा है कि स्थानीय कोई भी प्रत्याशी पूरे विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रभाव नहीं रखता और इसके पीछे जो मु य कारण होता है वह विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों की भिन्नता होती है । यहाँ बता दें कि केवलारी विधानसभा क्षेत्र अनेक क्षेत्रों में बंटा हुआ है सभी क्षेत्रों के जातिगत समीकरण और क्षेत्रों की प्राथमिकताएँ भिन्न है ।

### भाजपाई ही भाजपा की परेशानी

यहाँ एक बात और भी ऐसी है जो बड़ी विचित्र रहती है इस क्षेत्र के क्षेत्रीय नेताओं की मानसिकता विरोध की ही रहती है जिसका मु य कारण यह भी बताया जाता है कि यहाँ अधिकांश कालखंड कांग्रेस विधायक का रहा है और भाजपा हमेशा में विरोध में ही रही है इस लिये यहाँ के नेता स्वाभाव से ही विरोधी रहते है उन्हें इस बात का भान भी नहीं रहता कि वे सत्ता में आ गये है और कुछ व्यक्ति ऐसे विरोध में वे भी शामिल हो जाते है जो कांग्रेस को लाभ पहुँचाने के लिये कांग्रेस से सांठगांठ रखते है । केवलारी विधानसभा से भाजपा के निर्वाचित विधायक राकेश पाल सिंह अपने कार्यकाल के दौरान विरोधी राजनैतिक दल कांग्रेस से कम परेशान रहे है भाजपाई विरोध से उन्हें काफी परेशान रहना पड़ा है । केवलारी नगर परिषद के चुनाव में सबसे अधिक परेशानी भाजपाईयों से हुई और अध्यक्ष निर्वाचन के समय भाजपाई पार्षद तक एकमत नहीं हुये यहाँ भाजपा की आपसी कलह अभी भी सड़को पर है और बताते है कि यह सब प्रायोजित है ।

### कांग्रेस को टक्कर राकेश पाल ही दे सकते है

बताते है कि केवलारी विधानसभा के लिये कांग्रेस की ओर से लगभग ठाकुर रजनीश सिंह की उ मीदवारी पक्की है वहीं भाजपा से भी लगभग राकेश पाल सिंह की उ मीदवारी मजबूत है परंतु भाजपा की ओर से स्थानीय प्रत्याशी की मांग ने मामले को उलझा दिया है और वर्तमान विधायक श्री पाल को चिंता में डाल दिया है हालांकि आम जनों में चर्चा है कि चुनाव के परिणाम चाहे जो हो परंतु कांग्रेस को सबसे कड़ी टक्कर राकेश पाल ही दे सकते है । भाजपा के सामान्य कार्यकर्त्ताओं का कहना है कि केवलारी विधानसभा में राकेश पाल सिंह ने पूरे पांच साल पूरी क्षमता के साथ काम किया है और क्षेत्र की हर समस्याओं के समय क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहे है किसी भी अवसर पर कांग्रेस को विरोध करने या राजनीति करने का अवसर नहीं दिया वहीं केवलारी के विधायक राकेश पाल जहाँ पूरे कार्यकाल के दौरान सक्रिय रहे वहीं कांग्रेस पूरे पाँच साल निष्क्रिय रहे । भाजपा से निर्वाचित विधायक राकेश पाल सिंह ने अपने निर्वाचन के पश्चात ही भाजपा कार्यकर्त्ताओं को जुझारू बनाने और संगठन के कार्यकर्त्ताओ को प्राथमिकता देकर अपनी संगठनात्मक पूंजी की ताकत बढाई है ।

फिलहाल भाजपा की ओर से वर्तमान विधायक राकेश पाल सिंह के अलावा अन्य जो नाम चर्चा में है उनमें पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, श्रीराम ठाकुर, समीर ठाकुर, जयदीप सिंह चौहान सहित अन्य नाम शामिल है परंतु वर्तमान समय में जो सबसे उपयुक्त और जिताऊं राकेश पाल सिंह को माना जा रहा है । भाजपा

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्री रावतपुरा सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद लिया



सिवनी यशो:- शनिवार, दिनांक 23 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने रायपुर पहुंचकर श्री रावतपुरा सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री राय ने शनिवार को प्रातः के समय रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार धाम पहुंचे। जहां पर आपने पवित्र चातुर्मास हेतु विराजमान अनंत विभूषित संत शिरोमणि श्री श्री 1008 सद्गुरु श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार के दर्शन एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 25 सित बर से तीन दिवसीय प्रदशनी पीजी कालेज सिवनी में

### मेरी माटी मेरा देश, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष सहित अन्य विषयों को लेकर आयोजित

सिवनी यशो:- भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन मे जिले में प्रदर्शनी की रूपरेखा बनाई गई है जिसके अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, बालाघाट द्वारा जिले में मेरी माटी मेरा देश, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष, मतदाता जागरूकता विषय, राष्ट्रीय पोषण माह पर प्रदर्शनी लगायी जाएगी। इस प्रदर्शनी में उपरोक्त विषय पर कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता का संचार किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिनांक 25.09.2023 से 27.09.2023 तक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मे 3 दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 25.09.2023 को दोपहर 12ः00 बजे होगा। आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में आज़ादी के अमृत महोत्सव, मेरी माटी मेरा देश, राष्ट्रीय पोषण माह विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्न मंच इत्यादि जागरूकता स बन्धी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## घर घर जनस पर्क अभियान मे भाजपा कार्यकर्ताओ को मिल रहा अपार जनसमर्थन

छपारा यशो:-भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा के निर्देशानुसार भाजपा



कार्यकर्ताओ का लगातार ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जनसंपर्क किया जा रहा है। दौरा कार्यक्रम के नि मित सातवें दिन ग्राम सागर व सालीवाडा मे घर घर जाकर सरकार द्वारा बनाई गई गरीब कल्याण योजनाओ को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है।इस कार्यक्रम को जनता द्वारा भी अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है । इस दौरा कार्यक्रम में जिला महामंत्री अल्पसं यक मोर्चा जावेद रज़ा ,सागर बूथ अध्यक्ष युसुफ़ खान,अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री हरचंद भलावी जी,पार्षद दिनेश उइके,गोरखपुर बूथ अध्यक्ष विनोद यादव जी,बीएलए सतेन्द्र मड़ावी प्रदीप उइके,राजकिरण पन्द्राम विकास सैय्याम एवं भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ के द्विवर्षीय चुनाव पूरी गरिमा के साथ संपन्न

सिवनी यशो:- जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के द्विवर्षीय कार्यकाल हेतु निर्वाचन शनिवार 23 सितंबर प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हुआ संघ के अध्यक्ष पद सहित अन्य विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिये मतदान शाम 4 बजे तक हुआ । मतदान के पश्चात मतगणना का कार्य देर रात तक चलते रहा है निर्वाचन के अधिकृत परिणाम समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सके थे । अधिवक्ता संघ के चुनाव में शिशुपाल बघेल उपध्यक्ष पद के लिये निर्विरोध निर्वाचित हो गये थे इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यकारणी सदस्य के लिये ऋषभ जैन, सतेन्द्र ठाकुर,असरफ खान,विपुल बघेल एवं प्रवीण चौहान, का निर्वाचन होने की जानकारी प्रसारित हो रही थी वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिये नवल सोनी को 291 एवं आशीष महुले को 253 मत प्राप्त होने की जानकारी थी एवं सह सचिव के लिय मनोज हरिनखेड़े निर्वाचित हुये ।

## कक्षा 9वी से 12वी तक की त्रैमासिक परीक्षाओं की नवीन तिथि

सिवनी यशो:- जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण 15 से 16 सित बर तक जिले के समस्त शासकीय/ अशासकीय/ सीबीएसई/ आईसीएसई / माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं समस्त बोर्ड से संबंधित शालाओं की कक्षा नर्सरी से 12वी तक के छात्र-छात्राओं का सामान्य अवकाश घोषित किया गया था, जिसके कारण उक्त दिवसों में कक्षा 9वी से 12वी की आयोजित होने वाली त्रैमासिक परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया था।

आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा उक्त दिवस को आयोजित होने वाली विषयवार त्रैमासिक परीक्षाओं की नवीन तिथि घोषित की गई है, जिसके अनुसार मंगलवार 26 सित बर को विज्ञान एवं बुधवार 27 सित बर को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होगी।

इसी तरह कक्षा 11वी एवं कक्षा 12वी इन्फॉरमेटिक प्रें टसेस एवं जीव विज्ञान विषय की परीक्षा 25 सित बर को, संस्कृत विषय की 26 सित बर एवं रसायन शास्त्र/ इतिहास/ व्यवसाय अध्ययन/ एलीमेंट ऑफ सांइन्स एण्ड मैथामेटि स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर / ड्राइंग एण्ड पेंटिंग/ गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान की परीक्षा 27 सित बर को परीक्षायें होगी।

## नप अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन

केवलारी यशो:-नगर परिषद केवलारी में भाजपा शासित नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता बघेल के कार्यकाल में हुए कामों पर पार्षदों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, केवलारी नगर परिषद के वार्ड 3 पार्षद निखलेश तेकाम, वार्ड 4 की पार्षद देवकी साहू, वार्ड 5 की पार्षद राममिलन धुर्वे, वार्ड 7 रामदुलारी उइके, वार्ड 8 पार्षद स्वराज सिंह बघेल, वार्ड 11 पार्षद अनुसुईया सुरेश साहू, वार्ड 12 पार्षद नीरज रानू ठाकुर, वार्ड 15 की पार्षद सरस्वती शिववेदी, वार्ड 13 की पार्षद साधना दारासिंह ने लोगों के साथ जुलूस निकाला और ज्ञापन सौंपा। 15 पार्षदों वाली नगर परिषद केवलारी के 9 पार्षदों ने नगर परिषद के विरोध में मोर्चा खोला है और अनेक तरह के आरोप लगाये है ।

## कांग्रेस की जनाक्रोश सिवनी में आज,कांग्रेसजनों से शामिल होने की कांग्रेस ने की अपील

सिवनी यशो:- समुचे मध्यप्रदेश में जन आक्रोश यात्रा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के आदेशानुसार निकाली जा रही है, मध्यप्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में यह यात्रा कूच कर रही है, 11 हजार 400 सौ किलोमीटर में मध्यप्रदेश के सभी विधानसभाओं में यह यात्रा निकाली जायेंगी।

इसी तारत य में आज 24 सित बर दिन रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश पचौरी तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन के नेतृत्व में सिवनी जिले में जन आक्रोश यात्रा निकाली जायेंगी, इस यात्रा में बडी सं या में जिले के कांग्रेस जन उपस्थित रहेंगे।


जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि 18 सालो की प्रदेश में हो रहें भ्रष्टाचार, अपराध, अराजकता और भय का वातावरण है शिवराज सरकार के खिलाफ आम जनता में जो आक्रोश था वह आज आक्रोश में बदल चुका है। प्रदेश में चारों ओर भाजपा के ईशारे में खूल्ली लूट को छूट दे दी गई है भ्रष्टाचार का बोल बाला है प्रदेश में आदिवासी, दलित, किसान, बेटियॉ, महिलाएँ सुरक्षित नही है सभी शिवराज हटाओं प्रदेश बचाओं की बात करते नजर आ रहें है। विज्ञप्ति में आगे कहा कि आज मध्यप्रदेश के कोने-कोने में भाजपा एवं प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ जन आक्रोश का वातावरण है वही प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री श्री कमलनाथ जी के पक्ष में समुचे प्रदेश की जनता में माहौल दिखाई दे रहा है आज प्रदेश का किसान बेहाल है लगातार किसान की आमदनी कम होती जा रही है जहॉ तक युवाओं के भविष्य का सवाल है व्यापंम और पटवारी परीक्षा भर्ती घोटाले की भेंट चढ़ गया। प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचारी नीतियों के कारण किसानों तथा युवाओं के भविष्य की हत्या हो चुकी है। भाजपा के बड़े तथा छोटे नेता इस कदर बेलगाम हो चुके है कि वो किसी भी जगह पर दुर्व्यवहार करने से बाज नहीं आते, आज प्रदेश में आदिवासी भाईयों पर अत्याचार चरम पर है मध्यप्रदेश में परिवर्तन का शंखनाद एवं भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार उजागर करने जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त कांग्रेस जनों से जन आक्रोश यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## माटीकला शिल्पकारों को पर्याप्त सहयोग दिये जाने का आश्वासन



सिवनी यशो:- कले टर क्षितिज सिंघल ने शुक्रवार 22 सितंबर को कुरई विकासखण्ड के ग्राम पचधार पहुँचकर माटी कला शिल्पकारों से चर्चा की गई। उन्होंने कलाकारों द्वारा बनाई गई मिट्टी से बनी सुंदर कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए शिल्पकारों से कले टर श्री सिंघल ने उनके उत्पाद तथा स्थानीय स्तर पर मांग के स बंध में जानकारी प्राप्त की गई। कले टर श्री सिंघल ने शिल्पकारों के उत्पादें की मांग में वृद्धि के लिए जिला प्रबन्धक राज्य आजीविका मिशन को शिल्पकारों को आवश्यतानुसार प्रशिक्षण, उत्पादों की मार्केटिंग आदि में विभागीय सहयोग देने के निर्देश दिये।

## माननीय हाईकोर्ट ने कचहरी चौक शराब दुकान हटाने दिए निर्देश




सिवनी यशो:-भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि सिवनी शहर के हृदयस्थल कचहरी चौक स्थित देशी विदेशी शराब दुकान मधयप्रदेश शासन की नई आबकारी नीति के अनुसार उसका स्थान परिर्वतन होना था लेकिन शराब ठेकेदारों ने धन बल का साहस दिखाते हुए माननीय उच्च न्यायालय में गलत हलफनामा देकर शराब दुकान को यथावत रखने स्थगन आदेश ले आए थे । उक्त शराब दुकान को हटाने के लिए मु य रूप से नरेन्द्र ठाकुर ने जिला प्रशासन को सारे तथ्य बताए थे लेकिन जिला प्रशासन भी माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आगे नतमस्तक था ।

एडवोकेट नरेन्द्र ठाकुर और एडवोकेट मुकेश साहू कचहरी चौक स्थित चर्च की संस्था की ओर से उक्त शराब दुकान हटाने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय में इंटरविनर बने । शराब ठेकेदारों ने तारीख पर तारीख लेना शुरू कर दिया लेकिन आज हुई सुनवाई में माननीय उच्च न्यायालय में माननीय जज श्री विवेक अग्रवाल ने पिटिशन लगाने वाले ठेकेदारों के झूठ से पर्दा हटाते हुए सिवनी कचहरी चौक स्थित शराब दुकान को दो दिवस में हटाने का आदेश पारित करते हुए उनके द्वारा लगाई गई याचिका को खारिज कर दिया ।

## जबरन नॉलेज




## निर्वाचन संबंधी कार्यों को लेकर नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



सिवनी यशो:- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए निर्वाचन कार्यों के संदर्भ में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय भी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा स्वीप गतिविधियों, मतदान दलों के गठन, सामग्री वितरण तथा वापसी, रूट चार्ट, क युनिकेशन प्लान, एमसीएमसी, एमसीसी, मतगणना सहित अन्य निर्वाचन संबंधित कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर नोडल अधिकारियों के शंकाओं का समाधान किया गया।

कले टर श्री सिंघल द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गए निर्वाचन कार्यों को पूर्ण जि मेदारी से समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी उन्हें सौंपे गए निर्वाचन कार्यों के संदर्भ में आयोग के दिशा निर्देशों का अध्ययन कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# सैलानियों को लुभाएगा रीवा का ईको-पार्क

## ईको-पार्क का लोकार्पण समारोह 24 सित बर को

ईको-पार्क के विकास में जनस पर्क मंत्री श्री शु ल की महत्वपूर्ण भूमिका

भोपाल । रीवा में पर्यटन की गतिविधियों को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से ईको-पार्क का निर्माण किया गया है। सैर-सपाटे की गतिविधियों के साथ ईको-पार्क में आधुनिक एडवेंचर गतिविधियों को भी प्रमुखता दी गयी है, जो हर उम्र के सैलानियों को आकर्षित करेगी। ईको-पार्क का लोकार्पण रीवा में 24 सित बर को शाम 5=30 बजे विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनस पर्क तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शु ल करेंगे। उल्लेखनीय है कि ईको-पार्क की परिकल्पना एवं विकास में जनस पर्क मंत्री श्री शु ल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रीवा जिले में महानगर की तर्ज पर विकसित होने वाला प्रदेश का यह पहला ईको-पार्क होगा। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र सहित क्षेत्रीय विधायक तथा स्थानीय जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में सुश्री सायली कांबले, श्री ऋषि सिंह और सुश्री हर्षी मड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जायेगी।

**पर्यटन के क्षेत्र में रीवा का ईको-पार्क नया आयाम स्थापित करेगा -जनसंपर्क मंत्री शु ल**

जनस पर्क मंत्री श्री शु ल ने कहा कि ईको-पार्क से रीवा में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा। बीहर नदी के तट में स्थित ईको-पार्क प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध है। ईको-पार्क की परिकल्पना में देश के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को भी ध्यान में रखकर सुविधाएँ विकसित की गई हैं। यह रीवा को देश के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में भी पहचान प्रदान करेगा।

मध्यप्रदेश ईको-पर्यटन विकास बोर्ड एवं रीवा लीजर प्रायवेट लिमिटेड के मध्य रीवा शहर में बीहर ईको-पर्यटन एवं एडवेंचर पार्क का निर्माण डीबीएफओटी मॉडल पर जन-भागीदारी से किया गया है। रीवा शहर से निकलने वाली बीहर नदी के टापू पर 5.20 हे टेयर भूमि पर ईको-पार्क विकसित किया गया है। ईको-पार्क में सभी के मनोरंजन और सुकून की जरूरी चीजें उपलब्ध कराये जाने का प्रयास किया गया है। प्राकृतिक वातावरण के साथ ईको-पार्क में एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियाँ भी विकसित की गयी हैं। ईको-पार्क में जिप लाइन, स्काई साइकिलिंग, रॉक` लाइ बिंग, कमाण्डो क्रॉसिंग, बर्मा ब्रिज, रोप कोर्स, छोटे बच्चों के लिये अत्याधुनिक झूले के साथ कई मनोरंजक सुविधाएँ हैं। पर्यटकों के लिये शानदार विश्व-स्तरीय कैफे, मल्टी` यूजिन रेस्टोरेंट हैं। साथ ही विंध्य और मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भी पर्यटक उठा सकेंगे।

# उज्जैन में 500 करोड़ की लागत से बनेगा भक्त निवास



* उज्जैन अब उद्योगों का केंद्र बन रहा है - मु यमंत्री चौहान
* मु यमंत्री चौहान ने 15 एमएसएमई लस्टर व 307 इकाईयों का किया भूमि पूजन तथा 1708 इकाईयां की लोकार्पित
* 3लाख से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़ेंगे,71 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार
* मु यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन में किया राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का शुभारंभ
* जल्द होगा उज्जैन में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन
* मु यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन में 554 करोड़ 89 लाख की लागत के 9 नवीन विकास कार्यों का भूमि-पूजन
* उज्जैन में 159 करोड़ 99 लाख से निर्मित 7 विकास कार्यों का लोकार्पण

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य स्तरीय रोजगार दिवस के अवसर पर 15 एमएसएमई लस्टर का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इन` लस्टरों में 01 हजार 937 करोड़ के निवेश से 552 इकाईयों की स्थापना होगी और लगभग 28 हजार 300 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मु यमंत्री चौहान ने 932 करोड़ 22 लाख के निवेश वाली 1708 इकाईयों का लोकार्पण भी किया। इससे लगभग 16 हजार 375 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही प्रदेश की 307 औद्योगिक इकाईयों का भूमि पूजन भी किया गया, 556 करोड़ 41 लाख के निवेश की इन इकाईयों से 6 हजार 310 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन में 554 करोड़ 89 लाख की लागत के 9 नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 159 करोड़ 99 लाख से निर्मित सात विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध प्रबंधन समिति के 500 करोड़ की लागत से बनने वाले भक्त निवास और 17 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले फेसेलिटी सेंटर का भूमिपूजन शामिल है। मु यमंत्री श्री चौहान ने मेघदूत पार्किंग और संभागीय आईटीआई का लोकार्पण भी किया मु यमंत्री श्री चौहान ने अत्याधुनिक सुविधायुक्त श्री महाकालेश्वर मंदिर भक्त निवास के नाम और लोगो का विमोचन भी किया।

**महालोक के दूसरे चरण का होगा लोकार्पण**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अध्यात्म का केंद्र उज्जैन अब उद्योगों का केंद्र भी बनने जा रहा है। महाकाल महाराज की कृपा से उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में एक के बाद एक उद्योग स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन की पूरी अर्थ व्यवस्था ही बदल गई है। सावन के महीने में सवा दो करोड़ भक्त आए और महाकाल महाराज की पूजा में शामिल हुए। उज्जैन में प्रतिदिन डेढ़ लाख भक्त आ रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट, प्रसादी और पूजन सामग्री आदि की मांग निरंतर बढ़ रही है। आय के नए स्रोत विकसित हो रहे हैं। उज्?जैन में 3 हजार करोड़ रूपया अतिरिक्त आने वाला है।

चौहान ने कहा कि महाकाल महालोक के बाद महालोक के दूसरे चरण का लोकार्पण भी होगा। अवंतिका अब तीन लोक से न्यारी होगी। उज्जैन विकास के पथ पर बढ़ गया है, उज्जैन वैभव से स पन्न होगा। बड़ी सं या में काम-धंधे आरंभ होंगे। मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी जल्दी होगा।

**सरकार विकास में पैसे की कमी नहीं आने देगी**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूरे देश में महाकाल की कृपा बरस रही है। प्रदेश में 15 दिन पहले सूखे की स्थिति निर्मित हो रही थी। उज्जैन धर्म, आराधना और तपस्या का बड़ा केंद्र है। उज्जैन में विकास के काम निरंतर जारी रहेगा। विकास के काम में पैसे के कमी नहीं आयेगी।

**जो कहा वह करेंगे, यह शिवराज की गारंटी है**

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण का दौर है। मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना से हमने बहनों को पैसा नहीं स मान दिया है। यह योजना नहीं बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। योजना में बहनों को दी जा रही राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए किया गया है। इसे धीरे-धीरे तीन हजार रुपए तक बढ़ाया जाएगा, ÷जो कहा है वह करेंगे यह शिवराज की गारंटी है÷। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों को योजना में मिल रही राशि से बहनों का आत्मस मान और आत्म-निर्भरता बढ़ी है। इससे परिवार सशक्त होंगे और परिवार सुखी होगा तो वह प्रगति भी करेगा। सरकार जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की व्यवस्था, प्रोत्साहन और प्रतियोगी भाव जगाने के लिए लेपटॉप और स्कूटी आदि देने के साथ-साथ निःशुल्क उपचार की व्यवस्था हर परिवार के लिए घर और पट्टें की व्यवस्था की जा रही है। मु यमंत्री भू-अधिकार योजना के अंतर्गत हर गरीब को रहने के लिए जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाएगा, शहरी क्षेत्र में माफिया से मुक्त कराई भूमि पर गरीबों को बसाया जाएगा। इसके साथ ही मल्टी स्टोरी बनाकर भी आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

**उज्जैन में हुआ प्लास्टिक लस्टर का भूमि पूजन और औद्योगिक ईकाईयों का लोकार्पण**

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, सूक्ष्म,लघु मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओम प्रकाश सखलेचा, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री बहादुर सिंह, महापौर श्री मुकेश टटवाल, पूर्व मंत्री पारस जैन तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भक्त निवास और फेसेलिटी सेंटर पर केंद्रीत दो लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गई। उज्जैन में हुए भूमि पूजन के अंतर्गत ग्राम नीमनवासा में 1.33 हे टर क्षेत्र फल में विकसित होने वाले प्लास्टिक` लस्टर तथा खाचरोद तहसील स्थित औद्योगिक क्षेत्र फर्नाखेड़ी में 58 इकाइयों का भूमि पूजन तथा 10 करोड़ लागत की सी पी पेंटस, 50 करोड़ की श्री पैकर्स प्रा.लि और 45 करोड़ की आरिबा फूडस प्रा. लि. का लोकार्पण भी हुआ, इनसे लगभग 400 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# जनजातीय युवा, शादी के पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करे - पटेल

**राज्यपाल ने ए स में टंट्या भील वार्ड का लोकार्पण किया**

**राज्यपाल ने ए स में उपचाराधीन रोगियों से वार्ड में की चर्चा**



भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल रोग को वर्ष 2047 तक समाप्त करने के लिए जरूरी है कि जनजातीय समुदाय के युवा, शादी के पूर्व जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करे। सिकल सेल रोगी युवक-युवती किसी भी अवस्था में आपस में विवाह नहीं करे। गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जाँच अनिवार्य रूप से कराए। प्रसव के 72 घंटों के भीतर नवजात शिशु की जाँच भी कराई जानी चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में टंट्या भील वार्ड लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले श्री पटेल ने ए स में सिकल सेल वार्ड में जा कर राज्यपाल निधि से उपचाराधीन रोगियों से चर्चा की। उनके स्वास्थ्य की प्रगति के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में संस्थान द्वारा सिकल सेल बीमारी की जानकारी से संबंधित प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया। उन्होंने ए स परिसर में उनके द्वारा रोपित पौधे का अवलोकन कर सिंचित भी किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोग जनजातीय समुदाय के लिए कोरोना से भी अधिक घातक रोग है। अनुवांशिक रोग होने के कारण सिकल सेल पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ी सं या में लोगों की जान ले रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें 50 वर्ष पूर्व कोरोना की भयावहता की जानकारी हुई थी। वे तभी से रोग उन्?मूलन के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मु यमंत्री थे, तब मंत्रिमण्डल के चिंतन शिविर में उन्होंने मोदी जी को रोग के संबंध में जानकारी दी, जिस पर उन्होंने तत्काल उपचार और नियंत्रण के प्रयास गुजरात में प्रार भ कर दिये। आज गुजरात देश का ऐसा राज्य है, जहाँ जनजातीय समुदाय की 95 प्रतिशत आबादी की स्क्रीनिंग हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक रोग उन्?मूलन के लिए केन्द्र सरकार के बजट में 15 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि टीबी, थैलेसीमिया और सिकल सेल रोग उन्?मूलन के लिए सरकार और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि रोग चिन्हांकन का कार्य जितनी कम उम्र में होगा। उसका नियंत्रण और उपचार उतना ही अधिक प्रभावी होगा। जरूरी है कि आंगनवाड़ी के बच्चों की जाँच की जाए। रोग का प्रमाण मिलने पर बच्चों के परिजनों की भी जाँच की जाए। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस कार्य में सहयोग के लिए आगे आने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपनी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार जो भी सहयोग कर सकता है, उसे करना चाहिए। बिना यह सोचे कि उसका योगदान कितना बड़ा अथवा छोटा है। उन्होंने कहा कि जीवन की रक्षा से बढ़कर कोई भी कार्य पवित्र नहीं है। इस भाव भावना के साथ सब मिलकर प्रयास करेंगे, तभी इन रोगों से मुक्त? प्राप्त की जा सकती है।

सिकल सेल रोग के संबंध में जानकारी डॉ. भावना ढींगरा ने दी। ए स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने संस्थान द्वारा रोग नियंत्रण और उपचार के लिए किए जा रहे कार्यों और आगामी योजना की जानकारी दी। अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक ने आभार माना।

# जनजाति बंधुओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित



श्योपुर। धर्म को लेकर चल रहे पक्ष-विपक्ष के बीच देश भर में जहाँ कट्टरपंथ चरम पर है, ऐसे में अखिल विद्यार्थी परिषद् द्वारा सेवा परमो धर्मः को प्राथमिकता में रखकर कार्य किया जा रहा है. अखिल भारतीय परिषद् श्योपुर के सेवार्थ विद्यार्थी (Students For seva) मानवता की सेवा को सर्वोच्च धर्म मानकर कार्य कर रहे हैं.

हाल ही में श्योपुर की सहरिया जनजातीय बस्ती में एबीवीपी के सेवार्थ विद्यार्थी (स्ल्ह्वस्र्द्गठ्ठल्ह्य स्न्रश्ह्- ह्यद्द1ड्ड) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इसमें उन्होंने सहरिया जनजातीय बस्ती में पहुंचकर यहाँ के रहवासियों के स्वास्थ्य की जांच की. इसमें लगभग आधा सैकड़ा लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के साथ उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित कीं. साथ ही वहां के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया.

परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह उनका पहला अनुभव था, अब हम बड़े स्तर पर लगातार ऐसे आयोजन करते रहेंगे. ताकि सभी में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आये एवं सभी स्वस्थ व खुशहाल हों.

# मु यमंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित भोपाल यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया



भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 25 सित बर को भोपाल में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर ज बूरी मैदान में जारी तैयारी का जायजा लिया। मु यमंत्री श्री चौहान ने पंडाल, बैठक, स्वच्छता, पार्किंग, आवागमन, भोजन व्यवस्था और प्रदर्शनी स्थल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक बिंदु की माइक्रो लेवल पर योजना बनाकर व्यवस्थाएं की जाएं तथा वर्षा की संभावना को देखते हुए गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाए।

इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद श्री वी .डी. शर्मा,विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता, पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, श्री हितानंद शर्मा ,श्री सुमित पचौरी उपस्थित थे।

**सीएम ने वर्चुअली दिये निर्देश**

मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 25 सितंबर को प्रस्तावित भोपाल आगमन पर अन्य जिलों से भोपाल आने वाले नागरिकों के आवागमन की व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग के जिला अधिकारियों को निवास कार्यालय से वर्चुअली दिशा निर्देश भी दिए।

# रात तीन बजे खोला गया भदभदा डैम का एक गेट, 20 साल बाद आया ऐसा अवसर



भोपाल। भोपाल में डैम के गेट खुलने का इंतजार लोगों को हर मानसून में रहता है। इस बार के मानसून ने भोपालवासियों को इस अवसर के लिए खासा इंतजार करवाया। लेकिन सितंबर माह में ये मौका आ ही गया, जब भदभदा डैम के गेट खोले गए।

भोपालवासियों को जिस घड़ी का इंतजार था। आखिर वह पल आ ही गया। भोपाल का बड़ा तालाब अपने फुल टैंक लेवल के नजदीक 1666.50 फीट पर पहुंच गया है। इसी को देखते हुए भदभदा डैम का एक गेट रात्रि तीन बजे खोला गया। इस मानसून में यह पहला मौका है जब भोपाल में किसी डैम का गेट खोला गया हो। इतना ही नहीं बताया जा रहा है कि 20 साल बाद ऐसा अवसर आया है जब सितंबर के महीने में भदभदा डैम का गेट खोला गया हो। इसके पहले 2003 में ऐसा मौका बना था। डैम के गेट खोले जाने की सूचना पाते ही उत्साहित भोपालवासी रात में ही अद्भुत दृश्य देखने के लिए भदभदा के नजदीक एकत्र हो गए। एतिहात के तौर पर सबसे पहले सायरन बजाया गया। उसके बाद डैम के गेट खोले गए। सीहोर में बारिश होने, कोलांस नदी में पानी बढ़ने और बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया के पानी भरने से ऐसी स्थिति बनी। आगे परेशानी न हो ऐसे में सतर्कता के लिए पहले से ही गेट खोलकर पानी को डिस्चार्ज किया है।

**सीहोर में बारिश से बिगड़े हालात**

सीहोर में चार घंटे के चार इंच बारिश दर्ज की गई। इसका असर सीहोर के साथ-साथ भोपाल के आस-पास ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में भी देखने को मिला। कई स्थानों पर जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। छोटे पुल और रपटों पर से पानी बहने से आवागमन भी प्रभावित हो गया। कोलान्स नदी में आठ फीट से अधिक पानी भर जाने से हालात बिगड़ गए। जो लोग फंस गए थे, उन्हें सकुशल निकाला गया। भोपाल में अब तक 36.24 इंच बारिश हो चुकी है।

# आयुष्मान योजना के 5 वर्ष हुए पूरे

**सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया जायेगा आयुष्मान भारत निरामयम दिवस**

**15 लाख हितग्राहियों को 4 हजार 700 करोड़ रूपये का उपचार**

भोपाल । वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान योजना 5 वर्ष पूरे कर रही है। पिछले 5 वर्षों में प्रदेश में आयुष्मान योजना में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश के एक करोड़ 8 लाख चिन्हित पात्र परिवारों के 4 करोड़ 70 लाख हितग्राही में 74 प्रतिशत हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। प्रदेश के 99 प्रतिशत से अधिक परिवारों में कम से कम एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बन गया है। आयुष्मान कार्डधारक को एक वर्ष में 5 लाख रूपये तक का उपचार आयुष्मान से संबद्ध अस्पतालों में करवाने की पात्रता होती है।

प्रदेश में योजना में 1022 चिकित्सालय संबद्ध हैं। इनमें 494 शासकीय और 528 निजी चिकित्सालय हैं। पात्र हितग्राहियों के लिये संबद्ध चिकित्सालयों में 136 प्रकार के उपचार का पैकेज हैं। प्रदेश के 156 चिकित्सालयों में डायलिसिस और 11 केन्द्रों पर निस्संतानता के उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के प्रारंभ से अब तक 15 लाख आयुष्मान कार्डधारकों को लाभान्वित किया गया है। इनके उपचार पर 4 हजार 700 करोड़ रूपये की राशि व्यय की गई है। वर्तमान में रोजाना लगभग 3500 हितग्राही योजना में उपचार प्राप्त कर रहे हैं। योजना में किये गये उपचार में विशेष रूप से गुर्दा प्रत्यारोपण, बोन मेरो ट्रांसप्लांट, कैंसर उपचार और हृदय रोग उपचार आदि शामिल हैं।

आयुष्मान योजना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 सित बर 2023 को सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक, प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भारत निरामयम दिवस मनाया जायेगा। इसमें अनेक गतिविधियाँ की जायेगी। जन-प्रतिनिधियों, आयुष्मान हितग्राहियों और मीडिया के साथ योजना के संबंध में परिचर्चा, संवाद और कार्यशाला होगी। नागरिकों को योजना के बारे में जानकारी दी जायेगी। योजना को जनता तक पहुँचाने के लिये पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताएँ भी होंगी। साथ ही पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण और ई-केवायसी कराना भी सुनिश्चित किया जायेगा। जिन हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे और कार्यक्रम में पहुँचने वाले नागरिकों की आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट ( आभा आई.डी. ) भी बनाई जायेगी।

# अविवाहित बहनों को भी लाडली बहना योजना में शामिल किया जाएगा – मु यमंत्री चौहान

**धागे की कसम बहनों की जिंदगी बदले बिना चैन से नहीं बैठूंगा**

**नीट से मेडिकल में प्रवेश के लिए सरकारी स्कूल के बच्चों को 5 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया जाएगा**

**लाडली बहना और उज्जवला रसोई गैस की हितग्राही बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस मिलेगी**

**प्रदेश की चहुमुखी विकास के लिए लगातार कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित**

भोपाल ।मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर के बड़ा पत्थर रांझी में आज जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा और आपका संबंध परिवार का है। बहनों, भांजे-भाजियों के साथ प्रदेश की जनता की चिंता करना मेरा कर्तव्य है। जब तक जनता की जिंदगी में बदलाव नहीं आएगा ,चैन से नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा कि मध्?यप्रदेश की धरती पर जमीन के बिना कोई नहीं रहेगा, रहने के लिए सबके पास भूखंड होगा और पक्का मकान भी होगा। उन्होंने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये कहा कि गरीबों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है। बहनों की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए लाड़ली बहना योजना बनाई है। इस योजना का समाज में व्यापक प्रभाव पड़ा है, इससे बहनों का मान स मान बढ़ा है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना में बहनों को हर माह एक हजार रूपये दिए जा रहे हैं। अब 10 अ टूबर से 1250 रुपए दिए जाएंगे और धीरे-धीरे कर इसे बढ़ाकर 3000 रूपये तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहनों की आंखों में आंसू नहीं आने दूंगा। राखी के कच्चे धागे की कसम बहनों की जिंदगी बदले बिना चैन से नहीं बैठूंगा।

मु यमंत्री ने कहा कि कुछ बहने ऐसी है जिन्होनें विवाह नहीं किया है उन्हें भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होनें कहा कि 12वीं में 75 प्रतिशत अंक लाने पर लैपटॉप देते थे अब 60 प्रतिशत अंक लाने पर लैपटॉप दिया जाएगा। साथ ही अपने-अपने हायर सेकेण?ड्री में बारहवीं में सर्वाधिक अंक लाने वाली 3 बेटी व 3 बेटे को स्कूटी दी जायेगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी का नाम छूट गया है तो उन्हें भी पक्का मकान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर इलाज की व्यवस्था भी उनकी सरकार ने की है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नीट के माध्यम से मेडिकल में प्रवेश के लिए सरकारी स्कूल के बच्चों को 5 प्रतिशत रिजर्वेशन दिया जाएगा। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में होगी ताकि गरीबों के बच्चे भी पढ़ सकें। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहना और उज्वला रसोई गैस की हितग्राही बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस दी जायेगी, इसके फॉर्म भरवाये जा रहे हैं। उन्?होनें कहा कि 1 किलो वाट तक के बिजली बिलों को जीरो किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है इसकी जनता मेरी भगवान है और पुजारी शिवराज सिंह चौहान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक सांस है जनता की सेवा करते रहेंगे।

मदन महल पहाड़ी पर रानी दुर्गावती स्मारक बनेगा

मु यमंत्री श्री चौहान ने गुप्तेश्वर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी रेल फाटक के पास नेरोगेज रेल ट्रैक पर शानदार सड़क बनाई जाएगी। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना के छक्के छुड़ा दिए थे, उनके वीरता को जीवंत बनाए रखने के लिए मदन महल की पहाड़ी पर स्मारक बनाया जाएगा।

आधी आबादी को पूरा न्याय

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करने जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में वह स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया है। पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत तथा शिक्षकों के भर्ती में 50 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है। अब सभी भर्तियों में 35 प्रतिशत रिजर्वेशन किया जाएगा। महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए आधी आबादी को पूरा न्याय देने का कार्य किया जा रहा है।

# नगद नहीं, डिजीटल पैमेंट ही स्वीकार करेगा रेडक्रॉस

*** पारदर्शी संचालन एवं लोगों का विश्वास सुदृढ़ करने पर हुई चर्चा**
*** कले टर की अध्यक्षता में रेडक्रॉस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न**

मण्डला यशोः- रेडक्रॉस कार्यकारिणी की बैठक कले टर डॉ. सलोनी सिडाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 5 साल बाद संपन्न हुई इस बैठक में रेडक्रॉस समिति के पारदर्शी रूप से संचालन तथा लोगों का विश्वास सुदृढ़ करते हुए उनकी सहभागिता बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि रेडक्रॉस में दान एवं सहयोग सिर्फ डिजीटल पैमेंट के रूप में ही स्वीकार किया जाए। किसी भी प्रकार का सहयोग नगद रूप में न लिया जाए। इस संबंध में उन्होंने बैंक अकाउंट की जानकारी तथा गूगल-पे एवं यू-पे का बारकोड जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में रेडक्रॉस की आय बढ़ाने के संबंध में भी चर्चा की गई। जिन दुकानों का किराए का निर्धारण नहीं हुआ था उनके किराए का निर्धारण किया गया तथा किराए में 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की नियत की गई। इसी प्रकार हॉल के किराया एवं किराए में वृद्धि का निर्धारण किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जो लोग दुकान एवं हॉल का किराया समय पर नहीं देंगे उन्हें 15 दिन का नोटिस दिया जाकर दुकानें एवं हॉल वापिस लेने की कार्यवाही की जाएगी। रेडक्रॉस के वाहन का सुधार कराया जाएगा जिसका उपयोग दिव्यांग एवं बुजुर्गों के आने-जाने के लिए किया जा सकेगा। बैठक में रेडक्रॉस के आमचुनाव के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

# गाय चराने गए युवक को बाघ ने बनाया शिकार

मंडला यशोः- कान्हा नेशनल पार्क के परिक्षेत्र गढ़ी बफर जोन के अंतर्गत बीट धीरी के वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक 105 (डूमरसर्रा) में छबिलाल वल्द सुखराम सोनवानी उम्र लगभग 38 वर्ष साकिन-धीरी, पोस्ट-जैतपुरी, थाना-गढ़ी, तहसील-बैहर, जिला-बालाघाट दिनांक 21.09.2023 को लगभग समय दोपहर 3 बजे मवेशी चराने गया था। शाम को घर वापस ना आने पर उसके परिवार के सदस्य एवं कुछ ग्रामीण उसकी पतासाजी के लिए निकले अंधेरे होने के कारण पतासाजी करने पर उसका पता नही चल पाया इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा वनरक्षक धीरी को दिनांक 22.09.2023 को सुबह 8:30 बजे प्राप्त होने पर वनरक्षक धीरी के द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी गढ़ी को सूचना दी गयी।सूचना उपरांत परिक्षेत्र अधिकारी भैसानघाट एवं स्टॉफ तथा ग्रामीणों के साथ उक्त क्षेत्र की सघन गश्ती करने पर वन्यप्राणी बाघ के निशान के आधार पर घटना स्थल तक पहुंचे एवं घटना स्थल पर श्री छबिलाल वल्द सुखराम सोनवानी मृत अवस्था मे मिला। घटना की सूचना थाना गढ़ी को दी गयी।



नायाब तहसीलदार गढ़ी व गढ़ी पुलिस की उपस्थिति में आवश्यक कार्यवाही की गई एवं शव को पोस्टमार्टम हेतु बैहर ले जाया गया। मृतक के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि 10000 हजार रूपये परिक्षेत्र अधिकारी गढ़ी के द्वारा दिया गया तथा हिंसक वन्यप्राणी द्वारा मृत्यु पर मध्यप्रदेश शासन वनविभाग में निहित प्रावधान अनुसार मृतक के परिवार को जनहानि हेतु क्षतिपूर्ति राशि 8,00,000 लाख रूपये देने की कार्यवाही की जा रही है।कान्हा टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा बाघ की सतत निगरानी की जा रही है तथा आसपास के ग्रामो में सतर्क रहने व पता चलने पर सूचना देने हेतु मुनादी की जा रही है।

# भारी बारिश की आशंका अलर्ट जारी

मण्डला यशोः- मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला जिले में भारी बारिश की आशंका व्यक्त की गई है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिलेवासियों से आवश्यक सावधानी बरतने तथा बाढ़ की स्थिति के दौरान नदी, नालों आदि स्त्रोतों के नजदीक न जाने की अपील की है।

## न्यूट्री स्मार्ट ग्राम रजोला में हुआ पोषण जागरूकता रैली का आयोजन

सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ एन के सिंह के मार्गदर्शन में विगत 20 सित बर को कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी द्वारा न्यूट्री स्मार्ट ग्राम रजोला विकासखंण्ड कुरई में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव लेने आई कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं वारासिवनी की छात्राओं एवं कृषक तथा महिलाओं की उपस्थिति में पोषण माह 2023 के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें केन्द्र के खाद्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. जी.के. राणा द्वारा परिवार के सभी सदस्यों के पोषण सुरक्षा हेतु विभिन्न पोषक तत्वों के महत्व तथा दैनिक आहार में उपयोग किये जाने वाली समाग्री एवं साफ सफाई के बारे में जानकारी दी गई एवं पोषण थाली एवं समावेश करने वाली सब्जिओं एवं फलो के पोषक गुण के बारे मे विस्तृत चर्चा कि गई। साथ ही पोषण जागरूकता रैली शासकीय माध्यमिक विघालय रजोला से शासकीय प्राथमिक विघालय तक निकाली गई ताकि जनसमान्य मे पोषण के प्रति जागरूकता आ सकें। कार्यक्रम मे इंजी. कुमार सोनी (विशेषज्ञ, कृषि अंभियंत्रिकी) एवं समस्त शिक्षकगण की उपस्थिति रही।

# आधुनिक एवं तकनीकी कृषि को मिल रहा बढ़ावा, ग्रामीणों क्षेत्रों का हो रहा विकास

मंडला यशोः- मण्डला जिले के घुघरी विकासखण्ड के ग्राम कचनारी के हितग्राही डुमारीलाल धुर्वे एवं मुकेश धुर्वे पर परागत खेती से हटकर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर धान का भरपूर उत्पादन कर रहे हैं। ड्रिप और स्प्रिंकलर पद्धति से डुमारीलाल और मुकेश धुर्वे कम लागत में अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना-वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना से किसान की आय दुगनी हो रही है। एकीकृत कृषि प्रणाली को बढ़ावा मिलने से कृषक खेत तालाब निर्माण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर वितरण कर सिंचाई सुविधा में विस्तार, मत्स्य उत्पादन, हॉर्टिकल्चर एवं लोरीकल्चर जैसे नवीन एकीकृत कृषि प्रणाली से आदिवासी बाहुल्य अंचल में आधुनिक एवं तकनीकी कृषि को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे अभिनव प्रयोगों के माध्यम से आज क्षेत्र के अन्य किसान भी आधुनिक खेती की तरफ झुकाव महसूस कर रहे हैं।

ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को बढ़ाने का एक अद्भुत प्रयास, पलायन जैसी समस्या का भी हो रहा नियंत्रण

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास परियोजना अंतर्गत जिले के अलग-अलग गावों में स्वसहायता समूह के माध्यम से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का नवाचार किया जा रहा है। ग्राम भैंसवाही में कोयातूर जलग्रहण स्वसहायता समूह द्वारा क प्यूटर स्किल सेंटर, ग्राम चोबा में मां नर्मदा जलग्रहण स्वसहायता समूह द्वारा सेंटरिंग कार्य एवं ग्राम सुरेहली में कोयादीप जलग्रहण स्वसहायता समूह द्वारा कोदो-कुटकी प्रोसेसिंग यूनिट जैसी आजीविका गतिविधियों का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिल रहा है। उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है, फलस्वरूप पलायन जैसी समस्या भी काफी हद तक नियंत्रित हुई है।

# नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

मण्डला यशोः- माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉ सो) जिला मण्डला द्वारा आरोपी राकेश पन्द्रो पिता देवलाल पन्दो, उम्र 24 साल निवासी मैढ़ाताल थाना बिछिया जिला मंडला को धारा 354-प भादवि में 01 साल का कठोर कारावास एवं 1000६- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि अभियो त्री ने दिनांक 16.04. 2021 को थाना महाराजपुर में इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि अभियुक्त से वह पूर्व से परिचित है। दिनांक 31.03.2021 को दोपहर करीब 12.00 बजे जब वह घर में अकेली थी, तब अभियुक्त राकेश पन्द्रो ने उसके घर में घुसकर बुरी नियत से उसका सीना टच किया तथा मना करने पर धमकी दी। उसके कुछ दिन बाद अभियुक्त राकेश ने उसे फोन देकर उससे बात करने को कहा और कहा कि नहीं करेगी तो वह उसके घर आ जायेगा, तब वह डर के कारण अभियुक्त से बातचीत करती थी, वह जहाँ जाती थी, अभियुक्त राकेश उसका पीछा करता था। दिनांक 14.04.2021 को वह अपनी म मी के साथ अपने गांव आयी, उक्त दिनांक की सुबह 9.30 बजे अभियुक्त उसके घर के सामने आकर बैठ गया और कहने लगा कि वह उसके साथ चले, नहीं तो उसे बदनाम कर देगा जब अभियुक्त को वहां से जाने बोले तो नहीं गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना महाराजपुर में 0 पर अपराध कायम किया गया एवं घटना स्थल चौकी अंजनिया, थाना ब हनी मे अपराध क्र.190/21 अन्तर्गत धारा 452, 354, 354 (घ), 506 भादवि धारा एवं 7६8 पॉ सो ऐ ट में असल कायमी कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

वही विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉ सो) जिला मण्डला द्वारा आरोपी राकेश पन्द्री पिता देवलाल पन्दों, उम्र 24 साल निवासी मेढ़ाताल थाना बिछिया जिला मंडला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण अभियोजन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतिभा तारन के द्वारा की गई है।

## दमोह के जटाशंकर में विराजमान है जिले की एक मात्र सबसे ऊंची गणेश प्रतिमा, 250 वर्ष प्राचीन है मंदिर



दमोह। दमोह जिले के जटाशंकर धाम की महिमा अदभुत है। भगवान शिव का यह मंदिर करीब 250 वर्ष प्राचीन बताया जाता है और यहीं पर भगवान गणेश की जिले की सबसे ऊंची प्रतिमा विराजमान है। यह प्रतिमा बैठी हुई मुद्रा में है।

मंदिर के पुजारी मोनू पाठक के मुताबिक जटाशंकर मंदिर में सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाएं हैं। लेकिन सबसे बड़ी प्रतिमा भगवान गणेश की है जो 18 फीट ऊंची है। यह दमोह जिले की एक मात्र प्रतिमा है, जिसकी इतनी अधिक ऊंचाई है। 50 साल पहले मंदिर के प्रथम अध्यक्ष रामकृष्ण श्रीवास्तव जो कले ट्रेट में पदस्थ थे। उन्होंने यह 18 फीट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा मंदिर में स्थापित कराई गई थी।

यहां पर भगवान शिव के मंदिर के अलावा कालभैरव, शक्तिमाता, हनुमानजी, गणेशजी, श्रीराम दरबार, राधाकृष्ण भगवान, शनिदेव के साथ सभी प्रभुख देवी देवताओं के मंदिर है। यह सुंदर मंदिर पहाड़ के नीचे बना है। भगवान गणेश यहां आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

# कले टर ने की आँगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आँगनवाड़ी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों के कार्य जल्द प्रारंभ कराएं। सीईओ जनपद तथा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास निर्माण कार्यों को समय में पूर्ण कराने के लिए एजेंसी को समुचित सहयोग प्रदान करें। नवीन स्वीकृत आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों को मॉडल के रूप में तैयार करें। संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर एक टीम के रूप में कार्य करें।

कले टर ने कहा कि पूर्व में स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों के कार्यों को मार्च तक पूर्ण कराएं। जो कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं उनकी स्वीकृति निरस्त करते हुए नियमानुसार नवीन स्वीकृति जारी करें। इसी प्रकार मर मत के कार्यों को भी जल्द पूरा कराना सुनिश्चित करें। कले टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया कि निर्माण तथा मर मत कार्यों की विभागीय रूप से पाक्षिक समीक्षा करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कले टर चे बर में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी, सहायक संचालक महिला बाल विकास रोहित बड़कुल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में हुआ पं.सुधाकर शर्मा का स मान



बालाघाट। नगर के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार पं. सुधाकर शर्मा का हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में स मान हुआ। इस में न केवल शॉल व स्मृति चिन्ह ही भेंट किया गया बल्कि स मान से पहले डॉ.जितेंद्र कुमार सिंह संजय कृत- प्रबंध सुधाकर पंडित सुधाकर शर्मा के प्रबंध काव्यों का शास्त्रीय विश्लेषण के केंद्र में मंथरा, पाषाणी, रत्नावली और अश्वत्थामा प्रबंध काव्यों पर डॉ.मुन्ना तिवारी कलासंकाय अध्यक्ष एवं हिंदी विभागाध्यक्ष ने भाषा, शिल्प और भावाभिव्यक्ति के अतिरिक्त पात्रों के चयन पर लगभग 45 मिनिट तक सारगर्भित व्या यान दिया और बल देकर कहा कि शीघ्र ही पं.सुधाकर शर्मा के समग्र सृजन पर शोधकार्य निष्पादित कराया जायेगा। समारोह में शर्मा जी का विविध वर्णी काव्यात्मक व्या यान सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। प्रो.अर्चना पांडे ने कहा कि हम निकट भविष्य में पं.सुधाकर शर्मा

# जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित

मंडला यशोः- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मण्डला में जिला स्तरीय लस्टर के लोकार्पण, भूमिपूजन के साथ जिला स्तरीय स्वरोजगार, रोजगार दिवस कार्यक्रम एवं रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायक मण्डला देवसिंह सैयाम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, संयुक्त कले टर सीएल वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी एल.एस. सैयाम, पी. सूजयकुमार जिला अग्रणी प्रबंधक, आर.एस. बरकडे प्राचार्य आईटीआई, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला एन.के. वास्कले उपस्थित थे।




कार्यक्रम में 19 करोड़ का पूजीनिवेश किया जाकर 124 रोजगार उपलब्ध कराए गए। साथ ही कार्यक्रम में जिले के बेरोजगार युवक, युवतियों को अपना स्वयं का रोजगार, उद्योग, सेवा इकाई स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से जिले के 2861 लाभांवित हितग्राहियों में से स्वरोजगार हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत एवं वितरण पत्रकों में से 35 हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पत्रक प्रदाय किये गये। जिसमें मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंटया मामा अर्थिक कल्याण योजना, पीएमएफएमई योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ0 भीमराव अ बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, ग्रामीण आजिविका स्व-सहायता समूह, मु यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, शहरी आजिविका स्व-सहायता समूह, एनयूएलएम स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अंतर्गत आवेदक, आवेदिकाओं को स्वीकृति पत्रक वितरित किया गया। इस दौरान रोजगार मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा 114 आवेदकों का ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पंजीयन किया गया जिसमें आमंत्रित निजी एवं स्थानीय क्षेत्रों की क पनियों द्वारा 47 आवेदकों को प्रारंभिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किये गये।

# विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखलाओं के जरिए दिया नैतिक मतदान का संदेश

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के बीजाडांडी तथा नारायणगंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा सीएम राईज स्कूल हाथीतारा में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने रैलियाँ निकालकर आमजन को लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया तथा खाली मैदानों में एकत्र होकर मानव श्रृंखलाएं बनाई। इसी तरह के आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया, विकासखंड घुघरी के कुसमी, तबलपानी, डोंगरमंडला, नैझर, गजराज तथा अन्य शासकीय स्कूलों में भी किए गए।



**नेहरूस्मारक पर एकत्र होकर छात्र-छात्राओं ने की नैतिक मतदान की अपील**

शासकीय हाईस्कूल बिंझिया के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया। रैलियों का समापन नेहरूस्मारक चौक पर किया गया। इस दौरान एकत्र होकर बच्चों ने निष्पक्ष मतदान के लिए लोगों से अपील की तथा अभिभावकों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297